# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ), धनबाद
## Indian Institute of Technology (Indian School of Mines), Dhanbad

***For Immediate Release: January 25, 2024***

**PRESS RELEASE**

**आई0 आई0 टी0 (आई॰ एस॰ एम॰), धनबाद एवं बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड के बीच हुआ एम॰ओ॰यू॰।**

आई0आई0टी0 (आई॰ एस॰ एम॰), धनबाद एवं बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड के बीच एकरारनामा (एम0ओ0यू0) पर हस्ताक्षर किये गये। ज्ञातव्य हो कि मे॰ बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड, भारत सरकार के अधीन पैट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय के अन्तर्गत एक प्रतिष्ठित उद्यम / उपक्रम है, जो स्टील, बैरल्स, टूर एण्ड ट्रेवल्स, लॉजिस्टिक्स आदि का कार्य करती है। केन्द्रीय कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली एल॰टी॰सी॰/ छुट्टी रियायत भत्ता हेतु बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड एक अधिकृत संस्था के रूप में भी भारत सरकार द्वारा चिन्हित है ।

आई0 आई0 टी0 (आई॰ एस॰ एम॰), धनबाद के शिक्षकों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों इत्यादि के द्वारा काफी समय से यात्राओं से जुड़ी सेवाओं तथा हवाई टिकिटिंग इत्यादि की आवश्यक्ता जताई जा रही थी। इसी क्रम में आई0 आई0 टी0 (आई॰ एस॰ एम॰) प्रबंधन द्वारा बामर लौरी एण्ड कंपनी से सम्पर्क कर उन्हें ट्रेवल पार्टनर के रूप में चुना गया। मौके पर संस्थान के कुलसचिव श्री प्रबोध पाण्डेय ने बताया कि चूंकि आई0 आई0 टी0 (आई0 एस0 एम0), धनबाद एक वृहत संस्था है, इसलिए यहाँ पठन-पाठन, शोध, अनुसंधान, कार्यालय आदि कार्य हेतु यात्राओं की बहुलता रहती है । बामर लौरी एण्ड कंपनी के साथ एकरार होने के साथ हीं संस्था के अन्दर उनका कार्यालय खोला जाएगा, जहाँ शिक्षक, अधिकारी, छात्र, कर्मचारी इत्यादि कार्यालय दिवसों में निश्चित समय जाकर हवाई यात्रा संबंधी टिकट बुकिंग करवा सकते है। एकरारनामा होने से संस्था के लिए अत्यंत खुशी की बात है कि बिना किसी समस्या के टिकटों की बुकिंग हो सकेगी। इसके अलावा व्यक्तिगत यात्राओं एवं एल॰टी॰सी॰ की हवाई टिकट की बुकिंग भी यहाँ से भुगतान कर संस्था के कर्मी ले पाएंगे ।

बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड के शाखा प्रमुख - श्री सुरजीत बासु ने बताया कि कंपनी बिना किसी चार्ज के देशी एवं विदेशी हवाई टिकट उपलब्ध करवायेगी । टिकट बुकिंग, कैंसिल हेतु एयरलाइंस द्वारा लिए जाने वाले चार्ज हीं सिर्फ देय होंगे ।

बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड के शाखा प्रमुख - श्री सुरजीत बासु ने बताया कि कंपनी बिना किसी चार्ज के देशी एवं विदेशी हवाई टिकट उपलब्ध करवायेगी। टिकट बुकिंग, कैंसिल हेतु एयरलाइंस द्वारा लिए जाने वाले चार्ज हीं सिर्फ देय होंगे।

इसके अलावा बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड हवाई टिकटों की बुकिंग में सीटों के चयन में प्राथमिकता देगी एवं खाना मुफ्त रूप से प्रदान करेगी।

इस अवसर पर आई0 आई0 टी0 (आई॰ एस॰ एम॰), धनबाद की ओर से कुलसचिव श्री प्रबोध पाण्डेय एवं सहायक कुलसचिव(प्रसाशन), श्री सुहर्ष कुमार एवं बामर लौरी एण्ड कंपनी लिमिटेड के शाखा प्रमुख - श्री सुरजीत बासु एवं श्री हारुन रशीद उपस्थित थे।

Rajni Singh

***Dean (Corporate Communications)***

**Phone: (0326) 2235447, Email: dcc@iitism.ac.in**